# झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन की वापसी

## चर्चा में क्यों?

**हेमंत सोरेन** को ज़मानत मिलने के बाद, **झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने** के लिये **मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पद से इस्तीफा देने की संभावना है।**

## मुख्य बिंदु:

- **झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेतृत्व वाले** सत्तारूढ़ गठबंधन के **विधायक दल की बैठक** में नई सरकार गठित करने के लिये औपचारिकताएँ शुरू करने का **सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित** किया गया।
- प्रवर्तन निदेशालय (Directorate of Enforcement- ED) द्वारा कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन (Money Laundering- ML) के आरोप में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के बाद चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री की भूमिका संभाली

## प्रवर्तन निदेशालय (Directorate of Enforcement- ED)

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक **बहु-विषयक संगठन है** जिसका कार्य धन शोधन **और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के अपराधों की जाँच करना** है।
- यह **वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग** के अधीन कार्य करता है
- भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में प्रवर्तन निदेशालय **भारत के संविधान और कानूनों** के सख्त अनुपालन में कार्य करता है।

## धन शोधन (Money Laundering- ML)

- मनी लॉन्ड्रिंग में **अवैध रूप से प्राप्त धन की पहचान को छिपाना या गुप्त रखना शामिल है,** जिससे ऐसा लगे कि यह वैध स्रोतों से आया है। यह प्रायः अधिक गंभीर अपराधों जैसे कि ड्रग तस्करी, डकैती अथवा अवैध वसूली का एक घटक होता है।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund- IMF) के अनुसार, वैश्विक धन शोधन का अनुमान **वैश्विक** सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) **के 2 से 5%** के बीच है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-cm-5